# ग्रेनो के किसानों का विकास में बड़ा योगदान : योगी

नोएडा | मुख्य संवाददाता

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एयरपोर्ट के निर्माण के लिए जमीन देने वाले किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं उन सात हजार किसानों को विशेष रूप से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने बिना किसी दबाव में स्वयं लखनऊ आकर एयरपोर्ट के निर्माण के लिए अपनी जमीन दी थी। यह केवल एक एयरपोर्ट नहीं बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली अनमोल कृति है और इसमें सबसे बड़ा योगदान इन किसानों का है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण में एयरपोर्ट के निर्माण से पूरे पश्चिम में होने वाले विकास को बताया और कहा कि यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि यह गन्ने का इलाका है और कुछ लोगों ने यहां के गन्ने की मिठास को दंगों की कड़वाहट में बदल दिया था। उनके इस संबोधन पर जनता ने जबरदस्त उत्साह दिखाया और जमकर नारेबाजी हुई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा तेज किए गए विकास कार्यों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश के लोगों ने एक बदलते हुए नए भारत को देखा है।

## एलिवेटेड रोड, नए रूट पर मेट्रो से सफर आसान

मुख्यमंत्री ने नोएडा-ग्रेनो में आने वाले वर्षों में तैयार होने वाली परियोजनाओं को भी गिनवाया। उन्होंने कहा कि आने वाले सालों में यहां नए रूट पर मेट्रो दौड़ती नजर आएगी। एलिवेटेड रोड बनकर तैयार होंगे। नोएडा में 3393 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही परियोजनाएं प्रगतिरत हैं।